दिन– गुरूवार

दिनांक– 09 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक करोड़ राशन कार्ड बनाने के दिये निर्देश। किसानों के लिए बारह घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

02. सीमा सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संबोधित। घुसपैठ रोकने के दिये सख्त निर्देश।

03. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के अभिषेक कुमार और राजद की रेखा गुप्ता ने दाखिल किया नामांकन।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश में एक करोड़ नये राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने आज पटना में केंद्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। ब्योरा हमारी संवाददाता से...

––रिपोर्ट––

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों का डेटाबेस तैयार करने और राशन वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बिहार की ऑनलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन की सराहना की। श्री जोशी ने कहा कि बिहार की विकास प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में केंद्र सरकार हर संभव सहयोग देती रहेगी। बैठक के दौरान बिहार के अक्षय ऊर्जा रोडमैप, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने सभी किसानों को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक एग्रीकल्चर फीडर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री अशोक चौधरी, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। समाचार कक्ष से निधि श्री।

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अवैध घुसपैठ, सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी और ड्रोन से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। श्री शाह आज नई

दिल्ली में सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही श्री शाह ने जनसांख्यिकीय बदलाव पर नजर रखने और घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण के लिए समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए। सम्मेलन में बिहार सहित देश के सभी सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

————————————————————————

बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की सांसद शांभवी चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद आयोजित चुनावीसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार को कोई चुनौती नहीं है और उनकी जीत निश्चित है।

——साउंड बाइट——

चुनावी सभा को जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने भी संबोधित किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि उन्हें कहीं से कोई चुनौती नहीं है।

——साउंड बाइट——

इधर, राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। मौके पर राजद समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता मौजूद थे। श्रीमती गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उपचुनाव में उनकी जीत तय है।

——साउंड बाइट——

जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ग्यारह जुलाई को अपना पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि तेरह जुलाई तक निर्धारित है, जबकि प्रत्याशी सोलह जुलाई तक नाम वापस ले सकते हैं।

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले के लिए पोर्टल आज से चालू हो गया है। इसके माध्यम से शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार ने स्थानांतरण की नीति बनायी है। उन्होंने कहा कि तबादले के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी हो चुकी है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को पेयजल की समस्या वाले विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि ऐसे विद्यालयों की सूची दस जुलाई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दी जाए।

———————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई से संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब राजस्व न्यायालयों में केवल ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेज और साक्ष्य ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके साथ ही भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुसार, राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली–आरसीएमएस के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज और अतिरिक्त साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड किए जा सकेंगे। इसके लिए आवेदक बिहार भूमि पोर्टल पर जाकर आरसीएमएस में लॉगिन करेंगे, संबंधित न्यायालय का चयन करेंगे और फाइल केस ऑनलाइन तथा ऐड केस रिकॉर्ड विकल्प के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने सभी दस्तावेज आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करें, क्योंकि अब केवल ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेज ही मान्य होंगे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले में कुछ स्थानों पर

भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत अरवल जिले के बीस गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने बताया कि चयनित गांवों में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, स्कूल और स्वच्छता और विद्युत आपूर्ति सहित सभी आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा। वहीं, शेखपुरा जिला प्रशासन ने जिले के अनुसूचित जाति बहुल इक्कीस गांवों को आदर्श ग्राम बनाने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी शेखर आनंद ने बताया कि चिन्हित गांवों में तय दस मानकों पर काम करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सभी सरकारी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

————————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में सीवान में पदस्थापित उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड के पटना, मुंगेर और सीवान स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जांच एजेंसी ने उसके दानापुर स्थित अवास पर छापेमारी की। इसके अलावा, मुंगेर और सीवान स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की गयी। सीवान में अंकेश गोंड के भाई से जांच टीम ने लंबी पूछताछ भी की है। उत्पाद निरीक्षक पर आय से दो सौ प्रतिशत अधिक लगभग दो करोड़ अड़तीस लाख रुपये संपत्ति बनाने का आरोप है।

————————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग, एसएसबी और पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना वाल्मीकिनगर वनक्षेत्र के धनहिया गांव की है। आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई में लगी एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी और कई वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में वन विभाग के कई कर्मियों के घायल होने की सूचना है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

————————————————————————————————

भूटान के थिम्पू में आयोजित सोलहवीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में पटना के आदित्य राज ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने पचहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की।

———————————————————————

गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास एक कार और ट्रक के बीच टक्कर के बाद कार में आग लग गयी। हादसे में कार सवार दो लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। कार चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———————————————————————

वहीं, कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परमालपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा जाने के कारण चालक और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

———————————————————————

गया जिले के परैया थाना क्षेत्र में रोड रोलर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————————

पटना के अमहरा थाना क्षेत्र के बभवनलई गांव से पुलिस ने शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को तेरह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

नवादा जिले के कादीरगंज बाजार में एक कपड़े की दुकान में आग लग जाने से लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। पुलिस ने शॉट सर्किट को आग लगने का कारण बताया है।

———————————————————————

पूर्णिया में आज जिलास्तरीय गजेटियर प्रारूप प्रकाशन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और विकास संबंधी तथ्यों तथा विभागीय आंकड़ों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने अधिकारियों को जिले के इतिहास, धरोहर स्थलों और अद्यतन आंकड़ों को शामिल कर तथ्यपरक और त्रुटिरहित गजेटियर तैयार करने के निर्देश दिए।

———————————————————————

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सुपौल जिले ने जून महीने की रैंकिंग में राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक करोड़ राशन कार्ड बनाने के दिये निर्देश। किसानों के लिए बारह घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

02. सीमा सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संबोधित। घुसपैठ रोकने के दिये सख्त निर्देश।

03. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के अभिषेक कुमार और राजद की रेखा गुप्ता ने दाखिल किया नामांकन।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।